# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

ज्ञान शांति मैत्री

( संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997 के क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय )

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

( A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)



**संरक्षक**
श्री विभूति नारायण राय
कुलपति

**निदेशक**
प्रो.उमाशंकर उपाध्याय
संकायाध्यक्ष, भाषा विद्यापीठ
तथा अध्यक्ष, भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

**सह-निदेशक**
प्रो.महेन्द्र कुमार सी. पाण्डेय
अध्यक्ष, कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स
तथा निदेशक, प्रौद्योगिकी अध्ययन

**संयोजक**
डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय
रीडर, भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

**सह-संयोजक**
डॉ. अनिल कुमार दुबे
सहायक प्रोफेसर,
भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

**सह-संयोजक**
डॉ.एच.ए.हुनगुन्द
सहायक प्रोफेसर,
भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

**संपर्क :**
मो.नं. 09763830641
ई-मेल
usupadhyay@hotmail.com


दि. 20.1.2012

## सूचना

सूचित करते हुए हर्ष है कि भाषा विद्यापीठ, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा **दि. 22–24 फरवरी** को **'भाषाविज्ञान और भाषा प्रौद्योगिकी : सांप्रतिक विमर्श के विविध आयाम'** विषय पर एक **त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी** का आयोजन किया जा रहा है।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य एक ओर समकालीन भाषावैज्ञानिक विमर्श के महत्वपूर्ण और केंद्रीय क्षेत्रों–स्वनप्रक्रिया ,रूपप्रक्रिया, रूपवाक्यविन्यास/वाक्यविन्यास तथा अर्थविचार /संकेतप्रयोग विज्ञान के विश्लेषण के विविध अभिगमों, ढाँचों, प्रतिदर्शों, कार्यक्रमों अथवा सिद्धांतों तथा उनके रूपात्मक और प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य द्वारा अनुप्रेरित एवं प्रस्तावित विश्लेषण प्रविधियों पर संवाद का आयोजन है तो दूसरी ओर रूपप्रक्रिया, कोश, रूपवाक्यविन्यास/वाक्यविन्यास अथवा अर्थविचार/संकेतप्रयोग विज्ञान की केंद्रीयता पर आधारित प्रतिपादनों के संदर्भ में इन अध्ययन क्षेत्रों के पारस्पारिक संबंधों का आकलन करते हुए उसे अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना भी है। कहने की आवश्यकता नहीं कि उपर्युक्त संदर्भ में संज्ञान और व्याकरण के अंतस्संबंधों का विवेचन भी सांप्रतिक भाषावैज्ञानिक विमर्श का एक महत्वपूर्ण आयाम है।

आपसे साग्रह निवेदन है कि उक्त संगोष्ठी में भाग लेकर संगोष्ठी की सफलता एवं सार्थकता में अभिवृद्धि करें। उक्त संगोष्ठी में प्रतिभागिता के लिए फैकल्टी सदस्यों/अध्यापकों के लिए **पंजीकरण शुल्क रु. 500.00एवं विद्यार्थियों के लिए रु. 300.00**निर्धारित है। पंजीयन के लिए भाषा-विद्यापीठ में सुश्री सारिका जगताप से संपर्क कर कृपया दि. 15 फरवरी, 2012 तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें।

**( उमाशंकर उपाध्याय )**